48 घंटे में सास-बहू की मौत से गांव में मातम

मासूम बच्चों के सिर से उठा मां का साया

मोहनलालगंज। कुशमौरा गांव में महज 48 घंटे के अंतराल में सास और बहू की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। एक गरीब मजदूर परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। घटना को लेकर ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। हालांकि पुलिस की जांच में दोनों महिलाओं की मौत अलग-अलग तारीखों में होने की पुष्टि हुई है और दोनों घटनाओं के बीच कोई प्रत्यक्ष संबंध सामने नहीं आया है।जानकारी के मुताबिक, गांव निवासी अशोक कुमार प्रजापति की 36वर्षीय पत्नी अनीता की तबीयत बीते 29 अक्टूबर से खराब चल रही थी। परिजनों ने उनका उपचार बलरामपुर चिकित्सालय, सिविल अस्पताल और बाद में निगोहां स्थित कल्याणी अस्पताल में कराया। तमाम प्रयासों के बावजूद उपचार के दौरान नौ नवंबर को अनीता की मौत हो गई। संयोग से जिस दिन परिवार पर यह दुखद घटना हुई, उस दिन लोग भैया दूज का त्योहार मना रहे थे। अभी परिवार बहू की मौत के सदमे से उबर भी नहीं पाया था कि अगले ही दिन यानी 12 नवंबर को अनीता की सास 62 वर्षीय मंगला देवी पत्नी सूर्यनारायण की भी अचानक मौत हो गई। ग्रामीणों के मुताबिक, मंगला देवी शाम करीब पांच बजे खेत में काम कर रही थीं। इसी दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और उन्हें खून की उल्टी हुई। कुछ ही देर में उनकी मौत हो गई। परिजनों ने इसे अधिक उम्र और प्राकृतिक कारणों से हुई मौत बताया। शुक्रवार को उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।एक ही परिवार में दो महिलाओं की असमय मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है। अनीता अपने पीछे दो बच्चों को छोड़ गई हैं। इनमें 12 वर्षीय प्रांशु और आठ वर्षीय हिमांशु शामिल हैं। परिजनों के मुताबिक, दोनों बच्चे मानसिक रूप से कमजोर हैं। वहीं, अशोक कुमार प्रजापति मजदूरी करके किसी तरह परिवार का भरण-पोषण करते हैं। पत्नी और मां को खोने के बाद परिवार के सामने अब बच्चों की परवरिश और भविष्य की चिंता भी खड़ी हो गई है।शुक्रवार को दोनों महिलाओं की मौत की सूचना मिलने पर निगोहां थाना प्रभारी रवींद्र कुमार पुलिस बल और हल्का प्रभारी के साथ गांव पहुंचे। पुलिस ने परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ कर पूरे मामले की जानकारी जुटाई।थाना प्रभारी रवींद्र कुमार ने बताया कि पुलिस की जांच में दोनों महिलाओं की मौत अलग-अलग तारीखों में होना पाया गया है। अनीता की मौत 9 नवंबर को अस्पताल में उपचार के दौरान हुई थी, जबकि उनकी सास मंगला देवी की मौत 12 नवंबर को हुई थी। दोनों घटनाओं के बीच किसी प्रकार का प्रत्यक्ष संबंध सामने नहीं आया है।

चोर गिरफ्तार

आज समाचार सेवा

सरोजिनी नगर। बिजनौर पुलिस ने बंद मकानों की रेकी कर गहने और नकदी चोरी करने वाले एक शातिर चोर को शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी के गहने भी बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक 27 अक्टूबर को बिजनौर थाना क्षेत्र की रायल सिटी निवासी अनूप पटेल के बंद मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने गहने और नकदी चोरी कर ली थी। वहीं बीती 29 अक्टूबर को न्यू गुड़ौरा मानसरोवर निवासी राहुल यादव घर में ताला बंद कर अपने गांव मोहनलालगंज के जबरौली चले गए थे। 2 नवंबर को लौटने पर पता चला कि चोर उनके भी बन्द मकान से गहने और नकदी चोरी कर ले गये। तब इस मामले में राहुल ने गुरुवार रात करीब 11:45 बजे यहीं के छुआरा खेड़ा निवासी अभिषेक नाटिया पर चोरी का संदेह जताते हुए बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस का कहना है कि दोनों घटनाओं के खुलासे के लिए डीसीपी दक्षिणी मोहम्मद मुश्ताक के निर्देश पर पुलिस की दो टीमें गठित की गई थीं। तभी सीसीटीवी फुटेज व अन्य साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार को अभिषेक रावत उर्फ नाटिया (22) निवासी छुआराखेड़ा न्यू गुड़ौरा को गिरफ्तार कर लिया।

फार्मासिस्टों ने किया प्रदेश व्यापी प्रदर्शन

लखनऊ। मांगें न माने जाने से नाराज फार्मासिस्टों ने शुक्रवार को प्रदेश के सभी जनपदों के सीएमओ कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को सम्बोधित 18 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सीएमओ को सौंपा। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश तत्वावधान में हुये इस प्रदर्शन में चीफ फार्मासिस्ट व फार्मासिस्ट के अलावा अन्य कर्मचारी भी शामिल रहे। लखनऊ में संघ के मंत्री कपिल वर्मा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सीएमओ डॉ.एन.बी. सिंह को सौंपा गया। पदाधिकारियों ने बताया कि अगर जल्द मांगों पर अमल न हुआ तो आंदोलन के दूसरे चरण में 20 नवंबर को महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं के कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा सौंपेंगे। जिसमें जनपद के सभी चीफ फार्मासिस्ट और फार्मासिस्ट शामिल रहेंगे। एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष संदीप बडोला ने कहा कि लंबे समय से 18 सूत्रीय मांगों पर शासन स्तर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। लगातार अनदेखी के कारण फार्मासिस्टों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। प्रदर्शन में मुख्य रूप से



मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सीएमओ को सौंपा

एस.एम त्रिपाठी प्रदेश प्रवक्ता, आरबी मौर्या वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अरविंद सिंह उपाध्यक्ष, अविनाश सिंह संगठन मंत्री, चंद्रशेखर श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष, श्रवण सचान, अजय पांडेय,पंकज रस्तोगी व सुशील त्रिपाठी शामिल रहे। **यह हैं मुख्य मांगें** फार्मेसिस्ट को फार्मेसी अधिकारी और चीफ फार्मेसिस्ट को चीफ फार्मेसी अधिकारी का पदनाम दिया जाये। फार्मेसिस्ट को ग्रेड पे 4600,चीफ फार्मेसिस्ट को 5400, प्रभारी अधिकारी को 6600, विशेष कार्याधिकारी को 7600 व संयुक्त निदेशक को 8700 का वेतनमान दिया जाए। फार्मेसिस्टों को प्राथमिक उपचार व सीमित दवाएं लिखने का अधिकार दिया जाए। नियुक्ति हेतु न्यूनतम योग्यता बैचलर इन फार्मेसी या फार्म डी की जाए। 2005 के बाद नियुक्त फार्मेसिस्टों की स्थायी वरिष्ठता सूची जारी कर रिक्त पदों पर पदोन्नति की जाए। प्रभार भत्ता 75 रुपये से बढ़ाकर 750 रुपये प्रतिमाह किया जाये। ड्रग वेयर हाउस से अस्पतालों तक दवा पहुंचाने की सरकारी व्यवस्था की जाए। पीएचसी पर दो व सीएचसी पर तीन फार्मेसिस्ट का मानक तय कर पद सृजित किए जायें।

16 नवम्बर से पुनः शुरू होगा ट्रेन संचालन

लखनऊ, । पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल द्वारा नानपारा-मैलानी मीटर गेज रेलखंड पर निरस्त चल रही छह ट्रेनों का संचालन चरणबद्ध रूप से पुन: प्रारम्भ किया जा रहा है। इस रेलखंड पर भीरा खेरी-पलियाकला के मध्य पुराने रेल कटाव स्थल पर जल रिसाव के कारण सुरक्षा की दृष्टि से ट्रेनों का संचालन निरस्त किया गया था। संबंधित रेलखंड पर आवश्यक मरम्मत एवं संरक्षा संबंधी कार्यों के उपरांत अब ट्रेनों को पुन: बहाल करने का निर्णय लिया गया है।इन ट्रेनों का पुन: संचालन प्रारम्भ होने से नानपारा, बिछिया, कतर्नियाघाट, निशानगाड़ा, मुर्तिहा, पलिया एवं भीरा सहित



आसपास के क्षेत्रों के दैनिक यात्रियों, विद्यार्थियों, व्यापारियों एवं स्थानीय नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। साथ ही दुधवा टाइगर रिजर्व एवं कतर्नियाघाट वन्यजीव क्षेत्र की यात्रा करने वाले पर्यटकों को भी इस रेलखंड के पुन: संचालन से लाभ होगा।

युवती परिजनों को मिली

मोहनलालगंज। मां की डांट से नाराज होकर घर से निकली करीब 18 वर्षीय युवती शुक्रवार को लखनऊ के निगोहां कस्बे में भटकती हुई मिली। घर से अचानक लापता हुई युवती को अकेले और परेशान हालत में घूमते देख स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना निगोहां पुलिस की मिशन शक्ति टीम को दी।

काकोरी में मजदूर ने फांसी लगाकर दी जान

काकोरी। राजधानी लखनऊ के काकोरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत जलियामऊ में शुक्रवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां लगभग 30 वर्षीय एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में अपने घर के अंदर छत के कुंडे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच कर शव उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम जलियामऊ निवासी सोनू धीमान पुत्र जगरूप कोरी मजदूरी का कार्य करता था और वह अपने माता-पिता से अलग घर में रहता था। शुक्रवार दोपहर को सूचना मिली कि सोनू ने बांस की सीढ़ी का सहारा लेकर छत के कुंडे में रस्सी का फंदा डाला और उसपर लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। घटना के समय मृतक की पत्नी लाली उर्फ बिटान अपने मायके दुर्गागंज काकोरी गई हुई थीं। हादसे की खबर मिलते ही पत्नी, मृतक के साले और अन्य परिजन तुरंत मौके पर पहुंच गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों के सहयोग से रस्सी काटकर शव को नीचे उतारा। पुलिस ने घटनास्थल की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कराने के बाद पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक काकोरी सतीश चन्द्र राठौर ने बताया कि मृतक की शादी करीब 4 वर्ष पूर्व हुई थी और उसकी लगभग ढाई वर्ष की एक छोटी बच्ची भी है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है ।

एक नजर

भगवान आदिनाथ के जन्म कल्याणक पर गूंजे बधाई गीत

लखनऊ। राजधानी के आशियाना स्थित दिगंबर जैन मंदिर में आदिवीश्वर चौबीसी मानस्तंभ पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत आज भगवान बालक आदिनाथ का जन्म कल्याणक हर्षोल्लास एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। प्रात: सात बजे से भगवान का अभिषेक, पूजन एवं अर्चना प्रारंभ हुई। इसके पश्चात प्रात: दस बजे अयोध्या नगरी में तीर्थंकर बालक आदिनाथ का जन्मोत्सव मनाया गया।भगवान के जन्म की घोषणा होते ही श्रद्धालुओं में उत्साह की लहर दौड़ गई। बधाइयों का तांता लग गया, महिलाओं एवं पुरुषों ने मंगल गीत गाए और भक्तों ने झूमते हुए भगवान आदिनाथ के जयकारे लगाए। पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर उपाध्याय श्री 108 विहसंत सागर महाराज ने अपने मंगल उद्बोधन में कहा कि माता-पिता को अपने बच्चों का जन्मदिन होटलों में मनाने के बजाय मंदिरों, अनाथ आश्रमों एवं अस्पतालों में मनाना चाहिए

जीवन के लिये फिजियोथेरेपी और व्यायाम जरूरी

लखनऊ। द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), उत्तर प्रदेश राज्य केंद्र द्वारा आज इंजीनियर्स भवन, रिवर बैंक कॉलोनीमें स्वस्थ जीवन के लिए फिजियोथेरेपी और व्यायाम विषय पर एक तकनीकी व्याख्यान का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य स्वस्थ जीवनशैली के महत्व तथा शारीरिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में फिजियोथेरेपी एवं नियमित व्यायाम की उपयोगिता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।कार्यक्रम की अध्यक्षता इं वीपी सिंह अध्यक्ष द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स इंडिया ने किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने स्वस्थ जीवन के लिए नियमित व्यायाम, शारीरिक सक्रियता तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ मरियम फातिमा संस्थापक एवं मुख्य फिजियोथेरेपिस्ट डॉ रिज़वी फिजियोथेरेपी एवं रिहैब कपूरथला अलीगंज ने अपने विचार प्रस्तुत किए।

मीटर बाईपास कर रहे थे बिजली चोरी

लखनऊ। मध्यांचल निगम के एमडी के निर्देश पर शुक्रवार को राजधानी के अलग-अलग इलाकों में बिजली चोरों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें 12 उपभोक्ता अवैध रूप से बिजली का प्रयोग करते मिले। गोमती नगर क्षेत्र के इन्दिरानगर उपकेन्द्र एरिया में चलाये गये चेकिंग अभियान 26 उपभोक्ताओं के परिसरों की जांच की गई। जिसमें तीन उपभोक्ता विद्युत का अनाधिकृत रूप से उपयोग करते मिले। तीनों प्रकरणों में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 126 के अंतर्गत नियमानुसार कार्यवाही की गई। इसके अलावा अमौसी क्षेत्र में चेकिंग अभियान के दौरान 51 विद्युत संयोजनों की जांच की गई, जिसमें नौ उपभोक्ता मीटर बाईपास कर अवैध रूप से विद्युत का उपयोग करते हुए पाए गए।

नौ दिन से लापता आलू कारोबारी का सुजुकी एजेंसी के पीछे पेड़ से लटका मिला शव

बंथरा। बंथरा थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव निवासी 48 वर्षीय आलू कारोबारी राकेश साहू का शुक्रवार शाम बंथरा स्थित सुजुकी एजेंसी के पीछे संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से रस्सी के फंदे पर लटका शव मिला। वह बीते चार नवंबर से लापता थे। करीब नौ दिन बाद उनका शव मिलने की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया।राकेश साहू बाजार में आलू की बिक्री का व्यवसाय करते थे। चार नवंबर 2026 की सुबह वह घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। काफी खोजबीन के बावजूद उनका कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद परिजनों ने उनकी गुमशुदगी के पोस्टर छपवाकर जगह-जगह चस्पा किए थे। पोस्टरों के माध्यम से उन्हें तलाश करने में मदद करने वाले को पांच हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा भी की गई थी। परिजनों ने संपर्क के लिए मोबाइल नंबर भी जारी किए थे।

सेट पर मनाया गया खास मुकाम का जश्न

लखनऊ। लक्ष्मी निवास जब से शुरू हुआ है, तब से दर्शकों का दिल जीत रहा है। अब इस शो ने अपनी कामयाबी का एक और बड़ा पड़ाव पार करते हुए 300 एपिसोड्स पूरे कर लिए हैं। इस खास मौके को पूरी टीम ने सेट पर शानदार अंदाज़ में सेलिब्रेट किया। ज़ी टीवी पर रोज शाम 7.30 बजे प्रसारित हो रहे 'लक्ष्मी निवास' में मानसी जोशी रॉय लक्ष्मी और राजेंद्र चावला श्रीनिवास की भूमिका में नजर आ रहे हैं। शो की कहानी एक ऐसे पति पत्नी की है, जो सुख सुविधाओं से भरी जिंदगी के बजाय एक दूसरे का साथ चुनते हैं और अपना घर बसाने का सपना लेकर नई शुरुआत करते हैं।

उत्कृष्ट कार्य करने वाली टीमों को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के सतर्कता विभाग ने शुक्रवार को शक्तिभवन में नवनियुक्त प्रवर्तन दल प्रभारियों के लिए एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन। जिसमें विद्युत चोरी की रोकथाम एवं राजस्व वसूली के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रवर्तन दलों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ अपर पुलिस महानिदेशक सतर्कता के उद्घाटन संबोधन के साथ हुआ। उन्होंने प्रवर्तन दलों को निर्देशित किया कि विद्युत चोरी के विरुद्ध कार्रवाई करते समय पूर्ण निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता बनाए रखें तथा सभी कार्यवाहियां निर्धारित विधिक प्रावधानों और नियमों के अनुरूप सुनिश्चित करें। कार्यशाला में विशेषज्ञ अधिकारियों द्वारा प्रवर्तन दल प्रभारियों को छापेमारी की विधिक प्रक्रिया, आवश्यक सावधानियों, साक्ष्य संकलन, अभिसूचना प्राप्त करने तथा तकनीकी तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी सतर्कता मुख्यालय विनोद कुमार सिंह ने छापेमारी की विधिक प्रक्रिया, व एफआईआर से संबंधित प्रावधानों और साक्ष्य संकलन की बारीकियों से अवगत कराया।

बंथरा में 10 दिन से लापता सब्जी विक्रेता का पेड़ से लटका मिला सड़ा-गला शव

घर से महज 200 मीटर दूर जंगल में मिला

आज समाचार सेवा सरोजिनी नगर। बंथरा थाना क्षेत्र में करीब 10 दिन पहले संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए 46 वर्षीय सब्जी विक्रेता का शव शुक्रवार शाम घर से महज 200 मीटर दूर जंगल में एक पेड़ से रस्सी के सहारे लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव की हालत इतनी खराब हो चुकी थी कि शरीर का अधिकांश हिस्सा सड़-गलकर जमीन पर गिर गया था। शव में कीड़े पड़ चुके थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक शव को जंगली जानवरों द्वारा नोचे जाने की आशंका भी जताई जा रही है। सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। बाद में पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार बंथरा थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर बंथरा गांव निवासी राकेश साहू (46) अपनी पत्नी प्रेमा साहू और बेटे शौर्य तथा बेटियों वर्तिका और अनन्या के साथ रहते थे। परिवार का पालन-पोषण करने के लिए वह सब्जी बेचने का काम करते थे। परिजनों के मुताबिक बीती 4 नवंबर की सुबह करीब छह बजे राकेश साहू घर से बिना किसी को कुछ बताए कहीं चले गए थे। काफी समय बीतने के बाद भी जब वह वापस नहीं लौटे तो परिवार के लोगों को चिंता सताने लगी। पत्नी प्रेमा साहू ने आसपास के इलाकों और परिचितों के यहां उनकी तलाश की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद पत्नी ने बंथरा थाने पहुंचकर पति के लापता होने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी थी। वहीं परिवार के लोग भी लगातार रिश्तेदारों, परिचितों और आसपास के गांवों में उनकी खोजबीन कर रहे थे। परिजनों को उम्मीद थी कि राकेश सकुशल घर लौट आएंगे, लेकिन किसी को अंदाजा नहीं था कि उनकी तलाश का अंत इस तरह होगा। शुक्रवार शाम करीब पांच बजे गांव के कुछ ग्रामीण घर से लगभग 200 मीटर दूर स्थित पिछवारी बाग जंगल की ओर गए थे। इसी दौरान उनकी नजर जंगल में एक चिलवल के पेड़ से रस्सी के सहारे लटक रहे एक शव पर पड़ी। शव की हालत बेहद खराब थी। इसकी जानकारी गांव में फैलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना परिजनों को दी।

छात्रों और शिक्षकों के अनुभवों को किया साझा



लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल (सी.एम.एस.) की मैनेजिंग-डायरेक्टर प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने न्यूयार्क में आयोजित गूगल के 'ए.आई. फॉर लर्निंग फोरम' को सम्बोधित किया। इस अन्तर्राष्ट्रीय फोरम में उन्होंने गणित एवं विज्ञान की शिक्षा में आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स (ए.आई.) के उपयोग से सम्बन्धित सी.एम.एस. छात्रों व शिक्षकों के अनुभव साझा किए। 'लर्निंग साइंस एण्ड रियल वर्ल्ड इम्पैक्ट' विषय पर आयोजित सत्र में बोलते हुए प्रो. किंगडन ने बताया कि किस प्रकार विगत एक वर्ष से सी.एम.एस. के कक्षा 6 से 9 तक के छात्र गणित एवं विज्ञान की पढ़ाई में गूगल के 'जेमिनी गाइडेड लर्निंग टूल' (जी.एल.टी.) का उपयोग कर रहे हैं। विश्व की अग्रणी शिक्षा प्रणालियों में शामिल सिंगापुर का उदाहरण देते हुए बताया गया कि वहाँ ए.आई. साक्षरता पर विशेष जोर दिया जाता है तथा छात्रों को ए.आई. द्वारा तैयार की गई सूचनाओं का आलोचनात्मक विश्लेषण करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है

चोरी के विवाद में महिला की पिटायी

आज समाचार सेवा

सरोजिनी नगर। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में चोरी हुए बांस के विवाद में शुक्रवार सुबह तीन महिलाओं और दो पुरुषों ने एक महिला की लाठी-डंडों से जमकर पिटाई कर दी। इस घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने आनन फानन उसे सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, लेकिन उसकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने लोकबंधु अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल महिला का इलाज जारी है। सरोजनीनगर के तपोवननगर निवासी मूलचंद पासी के मुताबिक बीते 10 नवंबर को वह सब्जी की दुकान लगाने के लिए 20 बांस खरीदकर लाए थे और उन्हें पड़ोस में मौजूद एक प्लाट के पास रख दिया था। लेकिन अगले दिन बांस गायब मिले। तब मूलचन्द ने इसकी शिकायत पुलिस से की थी। मूलचंद का कहना है कि कि शुक्रवार सुबह एक पड़ोसी ने उन्हें जानकारी दी

अज्ञात वाहन की टक्कर से कार सवार महिला गंभीर, रिपोर्ट दर्ज

मोहनलालगंज। अज्ञात कार की टक्कर से अपनी कार में सवार एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद महिला अपनी कार के नीचे दब गईं। गंभीर हालत में उन्हें लखनऊ के चंदन अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है।पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक, बिजनौर थाना क्षेत्र के पूजा बिहार निवासी योगेंद्र नाथ त्रिपाठी की पत्नी अपनी कार संख्या यूपी 32 एलबी 6902 में सवार होकर जा रही थीं। इसी दौरान बीते छह नवंबर को सुबह करीब नौ बजे बीसीसी हाइट्स मोड़ पर आटा मिल के सामने एक अज्ञात कार के चालक ने उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद उनकी कार अनियंत्रित हो गई

बादशाह नगर प्राथमिक विद्यालय के गेट पर रेलवे प्रशासन ने लगाया ताला

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन द्वारा बादशाह नगर प्राथमिक विद्यालय के गेट पर बिना पूर्व सूचना के ताला बंद कर दिया गया। गुस्साए छात्रों ने रेलवे प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध व्यक्त किया। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद प्राथमिक विद्यालय का ताला दोबारा खोला गया।सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा बादशाह नगर प्राथमिक विद्यालय का संचालन किया जाने के लिए करीब पांच दशक पूर्व से रेलवे स्टेशन के समीप पढ़ाई लिखाई संपादित की जा रही है। सूत्रों का कहना है कि बीते एक सप्ताह से रेलवे प्रशासन बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित गरीब छात्राओं की प्राथमिक पाठशाला को बंद करने के लिए प्रयासरत है। छात्रों तथा अभिभावकों का कहना है कि पूर्वोत्तर रेलवे के अधिकारियों द्वारा मनमाना रवैया अपनाते हुए परिषदीय विद्यालय बादशाह नगर के गेट पर ताला डाल दिया गया। स्कूल पहुंचे बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा रेलवे अधिकारियों के द्वारा परिषदीय विद्यालय बंद किए जाने की सूचना पर अभिभावक बिफर गए ।

सड़कों के जाल और कानून-व्यवस्था से बदली यूपी की तस्वीर

लखनऊ । उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सोहनलाल श्रीमाली ने कहा कि प्रदेश में चौमुखी विकास हो रहा है। उन्होने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सराहना करते हुये कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासनकाल में प्रदेश में सड़कों और एक्सप्रेस वे का जो जाल बिछा है, वैसा विकास इसके पहले किसी भी सरकार में देखने को नहीं मिला। बेहतर कनेक्टिविटी और कानून व्यवस्था के कारण आज उत्तर प्रदेश का हर वर्ग और हर व्यक्ति प्रदेश सरकार के कार्यों की प्रशंसा कर रहा है।

धान की फसल काटकर खेतों में फूंकने को मजबूर अन्नदाता

खेतों में सड़ने के न डर से मजदूर लगाकर कटवा रहे बर्बाद धान

बंथरा। इस बार बारिश ग्रामीण किसानों के लिए आफत बनकर आई। लगातार बारिश के साथ सई नदी और नगवा नाले में आई बाढ़ ने किसानों की सालभर की मेहनत पर पानी फेर दिया। खेतों में लहलहा रही धान समेत अन्य खरीफ की फसलें बाढ़ की चपेट में आकर पूरी तरह तबाह हो गईं। हालात यह हैं कि जिन किसानों को धान की फसल से एक दाना अनाज नसीब नहीं हुआ, अब वे खेतों में खड़ी बर्बाद फसल को मजदूर लगाकर कटवा रहे हैं और उसे आग के हवाले करने को मजबूर हैं।सई नदी के बाढ़ का पानी बनी, मिर्जापुर, कल्लन खेड़ा, बेंती, लतीफ नगर, हरौनी सहित क्षेत्र के तमाम गांवों की नदी किनारे और निचले इलाकों की कृषि भूमि में भर गया था। लंबे समय तक खेतों में पानी भरा रहने से धान की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई। किसानों के सामने संकट यह है कि यदि बर्बाद फसल को खेत में ही छोड़ दिया जाए तो जुताई के बाद भी वह खेतों में सड़ेगी नहीं,ऐसे में किसान मजदूरों को लगाकर पहले फसल कटवा रहे हैं और फिर उसे जला रहे हैं।सबसे बड़ी विडंबना यह है कि जिस फसल से किसानों को कोई पैदावार नहीं मिली, उसकी कटाई के लिए भी उन्हें अपनी जेब से मजदूरी खर्च करनी पड़ रही है। यानी एक तरफ अनाज का नुकसान और दूसरी तरफ बर्बाद फसल हटाने का अतिरिक्त आर्थिक बोझ। कर्ज और लागत लगाकर खेती करने वाले किसानों के सामने अब अगली फसल की तैयारी का संकट भी खड़ा हो गया है।बनी गांव के किसान गौरी शंकर चौरसिया, सुनील सिंह, संदीप सिंह, शीतला प्रसाद, धर्मेंद्र सिंह, राम आसरे कश्यप समेत अन्य किसानों ने बताया कि इस बार सई नदी की बाढ़ ने धान सहित अन्य फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। इससे पहले क्षेत्र में ऐसी स्थिति बहुत कम देखने को मिली थी। इस बार खेतों में खड़ी धान की फसल से एक दाना भी हासिल नहीं हुआ। ऊपर से अब बर्बाद फसल को मजदूरों से कटवाकर आग के हवाले करना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि सालभर मेहनत और हजारों रुपये की लागत लगाने के बाद भी हाथ खाली रह जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

संस्कृति, स्वाद और परंपरा का संगम, सोशल मीडिया पर छाया महोत्सव का रंग

उत्तराखंड महोत्सव - पांचवा दिन

लखनऊ। पावन गोमती तट पर भारतीय लोक संस्कृति की परंपराओं लोक कलाओं तथा लोक विधाओं का अद्वितीय संगम चैदह दिवसीय उत्तराखंड महोत्सव के विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से चरितार्थ हो रहा है। गोमा तट बीरबल साहनी मार्ग पर आज महोत्सव के पंचम दिवस के अवसर पर सायं मुख्य अतिथि लखनऊ की महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा नीरज सिंह एवं क्षेत्रीय पार्षद प्रमोद राजन की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की शोभा बढ़ाई। मुख्य अतिथि द्वारा कौश्तुभानन्द चन्दौला को शैलेश मटियानी स्मृति सम्मान-2026, सुरेन्द्र राजेश्वरी को चन्द्र सिंह राही स्मृति सम्मान-2026 एवं राजेन्द्र सिंह कनवाल को हरी दत्त पाण्डे स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। एकल गायन प्रतियोगिता में 15 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिसमें आध्या सिंह प्रथम, रेनुलता कौल द्वितीय, कृष्णा तृतीय रहे, प्रतियोगिता के निर्णायक अंबादत्त कांडपाल एवं विमला शर्मा तथा यह प्रतियोगिता महापरिषद की महिला शाखा की अध्यक्षा पुष्पा वैष्णव, सुनीता कनवाल, कल्पना उप्रेती, देवेश्वरी पवार की देखरेख में संपन्न हुई। छोलिया नृत्य - संस्कृति विभाग, देहरादून उत्तराखण्ड के सहयोग से उधांचल कला केन्द्र, अल्मोड़ा., पूनम कनवाल के नेतृत्व में कैरोके सिंगिंग लगभग 10 गायकों, सुश्री सुमन जोशी के नेतृत्व में आरंभ डांस एकेदमी, देहरादून की टीम ने सरस्वती वन्दना - देया दास, आद्रिका सूथा, अरियाना वषिष्ठ एवं मेधा पाल तथा हेमा के नेतृत्व में सरगम कला केन्द्र द्वारा कुमॉऊनी नृत्य - हेमा, आरिका, राध्या, बीना, गुनगुन, अंजलि, पूजा, मेघा एवं आरंभ डांस एकेदमी, देहरादून कथक तराना - सुमन जोशी, देया दास, आद्रिका सूथा, अरियाना वषिष्ठ एवं मेधा पाल - ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोहा। सामान्य झोड़े की प्रस्तुति- दमयन्ती नेगी के नेतृत्व में गंगोत्री विहार, गोमती नगर के दल ने सुन्दर अभिनय किया। वॉयस ऑफ उत्तराखण्ड में 3 गायकों की एकल गायन एवं सामूहिक छपेली प्रस्तुति-हर्षिता काण्डपाल,विशाल सिंह रावत, हिमांशु पाण्डेय की प्रस्तुति ने धमाल मचाया।

कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल (म.प्र.)

निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 19/मु.अ.(सेतु परिक्षेत्र)/वर्ष 2026-27 भोपाल, दिनांक 11/11/2026

मध्य प्रदेश लो.नि.वि. द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. राशि (रु.लाख में)	ई.एम.डी राशि एवं टेण्डर फीस तथा निविदा से संबंधित सम्पूर्ण दस्तावेज जमा करने हेतु।
1	2	3	4	5	6	7	8
1	2026_PWDRB_548707_1	अनूपपुर	पुल कार्य	अनूपपुर जिले के अंतर्गत अनूपपुर जैतपुर मार्ग के कि. मी. 3/8 में सोन नदी पर पहुँचमार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य।	द्वितीय	1029.06	केवल ऑन-लाईन
2	2026_PWDRB_548708_1	शहडोल	पुल कार्य	शहडोल जिले के अंतर्गत मैका-लफदा-चुहिरी मार्ग के कि.मी. 9/10 में सोन नदी पर पहुँच मार्ग सहित उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य।	द्वितीय	1024.39	केवल ऑन-लाईन
				कुल योग		2053.45	

निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त क्रय किया जा सकेगा निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 02/12/2026 (17:30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधनों का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

G21423/26 दिनांक-13.11.2026

मुख्य अभियन्ता
लो.नि.वि. सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल